TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

Saturday

## 24 अगस्त

1. **युक्रेन की स्थापना–** 24 अगस्त, 1991 को ही युक्रेन को सोवियत संघ से स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। यह पूर्वी यूरोप में स्थित एक देश है। इसकी सीमा पूर्व में रूस, उत्तर में बेलारूस, पोलैंड, स्लोवाकिया, पश्चिम में हंगरी, दक्षिण–पश्चिम में रोमानिया तथा माल्दोवा और दक्षिण में काला सागर तथा अजोव सागर से मिलती है। इसकी राजधानी कीव है।

2. **ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला जलपोत भारत पहुँचा–** ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला जलपोत 'हेक्टर' भारत के सूरत के तट पर कैप्टन हॉकिन्स के नेतृत्व में 24 अगस्त 1600ई. को पहुँचा था।

3. **कोलकाता शहर की स्थापना–** अंग्रेजों ने 24 अगस्त, 1690 ई. को कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) शहर की स्थापना की थी। 1690 ई. में अंग्रेज कंपनी के प्रतिनिधि जाब चारनाक द्वारा आधुनिक हुगली नगर से 15 मील दक्षिण सूतानटी में एक फैक्ट्री स्थापित किया। 1698 में अंग्रेजो ने तीन संलग्न गांव सूतानटी, कालिकाता और गोविन्दपुर के जमींदारी अधिकार मात्र 1200 रुपये में प्राप्त कर लिया। अंग्रेजो ने बाद में इन तीनों गांवों को मिलाकर एक नई बस्ती बसायी, जो बाद में कलकत्ता के नाम से प्रसिद्ध हुआ।



मधु प्रिया

# कोलकाता शहर स्थापना दिवस 24 अगस्त



पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता की स्थापना जॉब चार्नोक ने 24 अगस्त 1690 में की थी। कोलकाता भारत का दूसरा सबसे बड़ा महानगर और पांचवा सबसे बड़ा बंदरगाह है। यह बंगाल की खाड़ी के शीर्ष तट से 170 किलोमीटर दूर हुगली नदी के बाएं किनारे पर स्थित है। भारत की बौद्धिक राजधानी माना जाने वाला कोलकाता ब्रिटिश शासन के दौरान ब्रिटिश भारत की राजधानी थी। कोलकाता को लंदन के बाद ब्रिटिश अंपायर का दूसरा सबसे बड़ा शहर माना जाता था। इस शहर को किसी जमाने में "पूरब का मोती" पुकारा जाता था। अंग्रेज भले ही इसे कोलकाता बुलाते थे, लेकिन बंगाल और बंग्ला में ऐसे हमेशा से कोलकाता या कोलिकाता के नाम से ही पुकारा जाता रहा है। जबकि हिंदी भाषा में इसको कलकत्ता या कलकत्ते के नाम से पुकारते रहे हैं। कोलकाता के नाम का उल्लेख मुगल बादशाह अकबर शासन काल( 1556 से 1605) के राजस्व खाता में और बंगाली कभी विप्रदास( 1495) द्वारा रचित "मनसामंगल" में भी मिलता है। एक ब्रिटिश बस्ती के रूप में कोलकाता का इतिहास 1690 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के एक अधिकारी जॉब चार्नोक द्वारा यहां पर एक व्यापार चौकी की स्थापना से शुरू होता है।

# जयंती विशेष 23 अगस्त

राकेश कुमार




**शिवराम हरि राजगुरु** *Rajguru*; जन्म- 24 अगस्त, 1908, पुणे, महाराष्ट्र; बलिदान- 23 मार्च, 1931, लाहौर) भारत के प्रसिद्ध वीर स्वतंत्रता सेनानी थे। ये सरदार भगत सिंह और सुखदेव के घनिष्ठ मित्र थे। इस मित्रता को राजगुरु ने मृत्यु पर्यंत निभाया। देश की आजादी के लिए दिये गये राजगुरु के बलिदान ने इनका नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित करवा दिया। राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव का बलिदान आज भी भारत के युवकों को प्रेरणा प्रदान करता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 24.08.2024

## काव्य कला

वह कला जिसमें चुने हुए शब्दों के द्वारा कल्पना और मनोवेगों का प्रभाव डाला जाता है । विशेष—रसगंगाधर में 'रममीय' अर्थ के प्रतिपादक शब्द को 'काव्य' कहा है । अर्थ की रमणीयता के अंतर्गत शब्द की रमणीयता (शब्दलंकार) भी समझकर लोग इस लक्षण को स्वीकार करते हैं । पर 'अर्थ' की 'रमणीयता' कई प्रकार की हो सकती है ।


जापान को दुनिया का सबसे
बर्फीला देश माना जाता है, जहां हर साल
लगभग 600 इंच बर्फ गिरती है।

TOB


खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

cricket



# T20I के 1 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

| | बल्लेबाज | देश | रन | साल |
|---|---|---|---|---|
|  | डेरियस विसर | समोआ | 39 | 2024 |
|  | युवराज सिंह | भारत | 36 | 2007 |
|  | कीरोन पोलार्ड | वेस्टइंडीज | 36 | 2021 |
|  | निकोलस पूरन | वेस्टइंडीज | 36 | 2024 |
|  | दीपेंद्र सिंह ऐरी | नेपाल | 36 | 2023 |

TEACHERS OF BIHAR — THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 452

बिहार में किस स्थान पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वर्ष 1922 का अधिवेशन हुआ था ?

A. गया

B. पटना

C. सोनपुर

D. भागलपुर



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: A

# ToB बालमन विशेषांक

[साप्ताहिक]

## विषय : सामान्य ज्ञान

## राज्य एवं उनके प्रमुख लोक नृत्य

- मध्य प्रदेश ➩ पंडवानी, गणगौर नृत्य
- बिहार ➩ छऊ, विदेशिया, जाट- जतिन
- राजस्थान ➩ कालबेलिया, घुमर,तेरहताली, भवाई नृत्य
- महाराष्ट्र ➩ तमाशा, लावणी
- हिमाचल प्रदेश ➩ छपेली,दांगी, थाली
- पश्चिमबंगाल ➩ जात्रा,ढाली, छाऊ
- गुजरात ➩ गरबा,गरबी, डांडिया
- केरल ➩ कथकली, मोहिनीअट्टम
- असम ➩ बिहू,बागुरुम्बा ,भोरताल






धीरज कुमार
प्रधान संपादक
ToB बालमन पत्रिका





www.teachersofbihar.org



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अपनी शहादत देने वाले अमर शहीद

# शिवराम हरि राजगुरु

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म: 24 अगस्त 1908 - मृत्यु: 23 मार्च 1931

Madhu priya

www.teachersofbihar.org




# कोलकाता शहर स्थापना दिवस

## की समस्त शहरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

Madhu priya

24 अगस्त



# कोलकाता शहर स्थापना दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

24 अगस्त



महान स्वतंत्रता सेनानी, अमर शहीद

# राजगुरु

की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन

24 अगस्त 1908 - 23 मार्च 1931

Punita Kumari